हिंदी विभाग

वार्षिक रिपोर्ट 2022 - 2023

हिंदी विभाग छात्राओं के बहुमुखी और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है । विभाग ने पाठ्यक्रम के साथ साथ वर्ष भर उनके विविध कौशल को विकसित करने के लिए वाचन , लेखन , तर्क क्षमता , अभिनय आदि से संबंधित अनेक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिसमें छात्राओं ने अपनी रुचि के अनुसार उत्साह पूर्वक भाग लिया ।

2 सितंबर 2022, को हिंदी साहित्य सभा ’सृजन’ के पदाधिकारियों का चयन लोकतांत्रिक प्रक्रिया का विधिवत अनुसरण करते हुए किया गया, जिसमें सुश्री जूली कुमारी - अध्यक्ष, सुश्री कुमकुम यादव- उपाध्यक्ष, सुश्री प्रियंका - कोषाध्यक्ष, सुश्री प्रिया प्रसाद - सांस्कृतिक सचिव एवं सुश्री अंजलि - सांस्कृतिक सलाहकार के रूप में चुनी गई । कक्षा प्रतिनिधि के लिए साक्षी झा (तृतीय वर्ष), कविता (द्वितीय वर्ष) एवं जानवी (प्रथम वर्ष) चुनी गई ।

आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अंतर्गत विभाग द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव समिति' के सौजन्य से 5 सितंबर 2022 को 'देश भक्ति पूर्ण कविता एवं गीत गायन प्रतियोगिता' का आयोजन किया जिसमें सुश्री तनु (राजनीति विज्ञान विशेष,) - प्रथम स्थान, सुश्री प्रगति कुमारी (हिंदी विशेष) - द्वितीय स्थान तथा ऋतिका चौधरी (बीए प्रोग्राम)ने तीसरा स्थान एवं सुश्री मेघा राजौरा तथा सुश्री शिवानी ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया।

विभाग द्वारा विशेष रूप से हिंदी विशेष की प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए 13 जनवरी 2023 को 'नवागंतुक स्वागत समारोह' का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में सहभागिता के आधार पर सुश्री चीनू - विजेता , सुश्री अंजली - फर्स्ट रनरअप एवं सुश्री प्राची - सेकंड रनरअप चुनी गई ।

12 सितंबर 2022, को विभाग द्वारा 'हिंदी दिवस' के अवसर पर छात्राओं को नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के महत्व एवं अनुवाद क्षेत्र के विस्तृत क्षेत्र से परिचित कराने के लिए विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमें प्रोफेसर पूरनचंद टंडन (हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने ’नई शिक्षा नीति : भारतीय भाषाएं और अनुवाद' विषय पर अपना विस्तृत, सारगर्भित एवम ज्ञानवर्धक व्याख्यान देकर प्राध्यापक वर्ग और छात्राओं को लाभान्वित किया ।

7 फरवरी से लेकर 9 फरवरी 2023, तक हिंदी साहित्य सभा 'सृजन' के तत्वाधान में छात्राओं के सर्वांगीण विकास किया गया ।

7 फरवरी 2023, को 'सृजन' द्वारा साहित्यिक प्रश्नोत्तरी, वाद विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । साहित्यिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सुश्री रिचा कुमारी- प्रथम, सुश्री तमन्ना - द्वितीय एवं सुश्री शालिनी -तृतीय स्थान पर रही । वाद विवाद प्रतियोगिता में सुश्री सृष्टि त्रिपाठी ने प्रथम, सुश्री शिवरत ने द्वितीय एवं सुश्री चीनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । निबंध लेखन प्रतियोगिता में सुश्री शालिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सुश्री सना परवीन को प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

8 फरवरी 2023, को 'लोक नृत्य प्रतियोगिता (एकल और सामुहिक)' एवम 'आशु भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन
किया गया । 'लोक नृत्य (एकल) प्रतियोगिता' में सुश्री छाया कुमारी - प्रथम, सुश्री निर्जला- द्वितीय, सुश्री रिचा कुमारी- तृतीय स्थान तथा विधि और आरती नामदेव ने सराहना पुरस्कार प्राप्त किया ।लोक नृत्य (सामूहिक) प्रतियोगिता में सुश्री मानसी एवं समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । 'आशु भाषण प्रतियोगिता' में सुश्री रिचा कुमारी - प्रथम,सुश्री तमन्ना- द्वितीय, सुश्री प्रगति और सुश्री तनिषा ने तृतीय पुरस्कार तथा सुश्री प्राची और सुश्री निक्की ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया ।

9 फरवरी 2023, को हिंदी साहित्य सभा 'सृजन' के तत्वावधान में 'स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता' एवं 'नाट्य
मंचन प्रतियोगिता आयोजित की गई । 'काव्य पाठ प्रतियोगिता' में सुश्री प्रगति -प्रथम, सुश्री ऋचा कुमारी - द्वितीय सुश्री दिव्या ने तृतीय प्राप्त किया । 'नाट्य मंचन प्रतियोगिता' में सुश्री सना परवीन समूह (बड़े घर की बेटी) ने प्रथम तथा सुश्री मानसी समूह (समाज सुधारक बुद्ध) ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किया , श्रेष्ठ अभिनय के लिए सुश्री सुभांषी (समाज सुधारक बुद्ध) का एवं श्रेष्ठ वेशभूषा के लिए सुश्री शिवानी सिंह (समाज सुधारक बुद्ध)और सुश्री ईशा (चीफ़ की दावत)का चयन किया गया ।

विभाग ने ’अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा ’ दिवस के अवसर पर 21 फरवरी 2023 को 'मातृभाषा परिचय एवं लोक नृत्य (एकल) प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया । जिसमें प्रतिभागी छात्राओं ने संबंधित राज्य की मातृभाषा , उसकी भौगोलिक स्थिति, संस्कृति , साहित्य और साहित्यकारों का परिचय देते हुए उसी राज्य के लोक नृत्य को प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में सुश्री रिंकी,(बी.ए प्रो.) -प्रथम, सुश्री लांचेनबी (बी. ए प्रो) और सुश्री साक्षी राठौर (राजनीति विज्ञान, विशेष) - द्वितीय, सुश्री गीतिका (बी.ए प्रो) एवं सुश्री तनिषा (हिंदी विशेष) ने तृतीय स्थान किया । सुश्री मानसी और सुश्री खुशी प्रसाद (बी.ए प्रो) को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया ।

28 फरवरी 2023, को विभाग हिंदी विशेष, तृतीय वर्ष की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत ’विश्व पुस्तक मेले' की यात्रा पर लेकर गया । जहाँ छात्राओं ने पुस्तकों के संसार से मुलाकात कर एक नया अनुभव प्राप्त किया ।

विश्व पुस्तक मेले में हिंदी विशेष , तृतीय वर्ष की छात्राएं



'हिंदी दिवस' के अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रो. पूरनचंद टंडन , हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

विश्व पुस्तक मेले में हिंदी विशेष , तृतीय
वर्ष की छात्राएं